# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–139 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ शुक्रवार 20 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया







# पहले से ज्यादा मजबूत हुई है उप्र की अर्थव्यवस्था : योगी

लखनऊ (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुपूरक बजट पर गुरुवार को चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हम चार साल पहले लोक कल्याण संकल्प को लेकर जनता के बीच गए थे। पिछले कुछ समय से जनता महामारी से जूझ रही है। महामारी से निपटने में सबका सहयोग मिला, इसके लिए सबका शुक्रिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास की बात करते हैं। यह भारतीय दर्शन और भावभूमि पर आधारित है। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए और सरकार इसी संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है। बड़ी सोच होगी तो सरकार के काम करने का दायरा भी बड़ा होगा। यही कारण है कि पिछले पांच साल में बजट का दायरा बढ़ा है। प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था पहले से मजबूत हुई है। हम जिस युग में जी रहे हैं, उसमें अर्थव्यवस्था बहुत जरूरी थी। पहले दंगे होते थे लेकिन चार सालों में जो काम हुआ है, उसके दम पर सरकार देश में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन की लेकर आगे बढ़ रही है। दुनिया में यूपी निवेश के लिए सबसे माकूल जगह है। योगी ने कहा कि यह तो आज सब कह रहे हैं कि काशी को काशी बनाई मोदी जी ने। उनके विजन की वजह से आज काशी का बदला हुआ स्वरूप दिखाई दे रहा है। आज सभी लोग अपने को राम और कृष्ण के



भक्त बता रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुपूरक बजट पर बोलते हुए कहा कि माफिया की जब्त की गई जमीन पर गरीबों और दलितों के लिए मकान बनेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग तालिबान का भी समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीन हजार करोड़ की निधि से एक करोड़ युवाओं को स्मार्ट फोन देने की योजना लेकर आ रहे हैं। हमारा नौजवान यदि प्रतियोगी परीक्षा देता है तो उसे 03 प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के लिए सरकार युवाओं को भत्ता देगी। इसके लिए एक कोष का गठन किया जाएगा। अनुपूरक बजट में इसके लिए प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में निवेशकों को उचित माहौल मिल रहा है। हम महामारी से जूझ रहे हैं। यह एक त्रासदी थी। पहले सरकारें संवेदनहीन थीं लेकिन मोदी सरकार ने जिंदगियां बचाने का काम किया है। लोगों को फ्री में सुविधाएं मिल रही हैं तो विपक्ष को दुख हो रहा है। विपक्ष जमीन पर चलने के आदी नहीं है, इसीलिए उसे सरकार की नीतियों से परहेज हो रहा है। हम बिना किसी जाति और मजहब का विचार किए केवल विकास कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश हमारे लिए परिवार है। हम 24 करोड़ लोगों के विकास के विजन को लेकर आगे बढ़ रहे हैं लेकिन कुछ लोग तो एक परिवार को ही बढ़ाने में लगे हुए हैं। हमें महामारी को स्वीकार करना होगा। योगी ने रामगोविन्द चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सज्जन हैं, अच्छे हैं लेकिन कभी–कभी अपनी सज्जनता खो देते हैं। वे महामारी की बात कर रहे थे लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि इसमें किसी पार्टी का कोई लेना–देना नहीं होता है। योगी ने कहा कि दुनिया की कुल आबादी 8 अरब के आसपास है। इसमें 44 लाख से ज्यादा मौतें हुई हैं। दुनिया की सबसे बड़ी ताकतों में अमेरिका शामिल है। लोग वहां के मॉडल को अपनाने की बात करते हैं। वहां की आबादी है 33 करोड़, कुल केस आए लगभग तीन करोड़ और मौत हुई 6 लाख। सीएम ने कुछ देशों का हवाला देते हुए विपक्ष की राजनीति पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि महामारी में कोई देश अछूता नहीं है। वहां भी मौत हुई है लेकिन वहां उतनी राजनीति नहीं हुई जितना यहां देखने को मिल रही है। उत्तर प्रदेश की आबादी 24 करोड़ है। महामारी में कुल कुल 17 लाख केस सामने आए जबकि 22083 लोगों की मौतें हुई हैं। आज यूपी में टेस्टिंग देश में सबसे ज्यादा हो रही है। आज यूपी में रोज 4 लाख टेस्ट हो रहे हैं

# अपार्टमेण्ट्स में जल्द शुरू होंगे निर्माण व फिनिशिंग के बचे हुए काम

## लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने अभियन्त्रण कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में की बैठक

अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अपार्टमेण्टों में निर्माण व फिनिशिंग के बचे हुए काम अब जल्द ही शुरू होंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने गुरूवार को अभियंत्रण कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक की। उन्होंने अपार्टमेण्टों में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों को शुरू करने की समय–सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को इसके तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी के साथ उन्होंने बसंतकुंज व शारदानगर में बन रहे प्रधानमंत्री आवासों के कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिये। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि वो सभी ग्रुप हाउसिंग और अपार्टमेण्ट्स जो अभी हैण्डओवर नहीं किये गये हैं, उनमें होने वाले कार्यों की सूची सम्पूर्ण विवरण के साथ उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी कि पंचशील अपार्टमेण्ट में जिन 3 निविदाओं पर काम चल रहा है, वह कार्य कब तक पूरे हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें दो स्टीमेट बनाकर निविदाएं आमंत्रित की जानी है। इसके लिए एक सप्ताह में टेण्डर आदि की कार्यवाही पूरी करा ली जाये। इसके अलावा यहां पार्क, बाउण्ड्रीवाल और बाथरूम का स्टीमेट भी बनना है। इसे भी एक सप्ताह में तैयार करके अग्रिम कार्यवाही करवाई जाये। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने पारिजात अपार्टमेण्ट के सम्बन्ध में कहा कि यहां की बैंक गारण्टी कैश नहीं हो पा रही। इसका विवरण वित्त नियंत्रक को उपलब्ध कराया जाये। इसके आलावा अपार्टमेण्ट के वाह्य विकास कार्य और फ्लैट के अन्दर के कार्यों के लिए दो निविदाएं आमंत्रित कर कार्य पूर्ण कराया जाना है। इसमें स्टीमेट तैयार कर निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही 15 दिन के अन्दर करा ली जाये। वहीं सशष्टि अपार्टमेण्ट के बेसमेण्ट में सीपेज के कार्य का आगणन तैयार करके 10 दिन में टेण्डर की कार्यवाही पूरी करा ली जाये। उन्होंने यहां पूर्व में किये गये निरीक्षण के अनुपालन में कराये जा रहे कार्यों की रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके आलावा उन्होंने स्मशति अपार्टमेण्ट में छूट हुए कार्यों को भी जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने रिवर व्यू योजना के अपार्टमेण्टों का कारपस व मेन्टेनेंस फण्ड आर.डब्ल्यू.ए को हस्तान्तरित करने के सम्बन्ध में वित्त नियंत्रक राजीव कुमार को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कारपस फण्ड एफ.डी.आर के रूप में रहेगा, जो एल.डी.ए. व आर.डब्ल्यू.ए के संयुक्त नाम से होगा। उपाध्यक्ष ने बसंतकुंज व शारदानगर में बन रहे प्रधानमंत्री आवासों की समीक्षा करते हुए कहा कि यहां के कार्यों में तेजी लाई जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ताओं की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि जिन कार्यों की प्रगति धीमी पाई जा रही है, उससे सम्बन्धित ठेकेदार/कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में सचिव–पवन कुमार गंगवार, मुख्य अभियंता–इन्दु शेखर सिंह और विशेष कार्याधिकारी–डी.के. सिंह समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### प्राधिकरण में आयोजित टीकाकरण शिविर में आज 368 लोगों का हुआ टीकाकरण

प्राधिकरण भवन में आयोजित कोविड संक्रमण से



बचाव हेतु लगाये गये टीकाकरण शिविर में आज 18 से 44 आयु वर्ग में 267 तथा 45 से अधिक आयु वाले लागों को 101 टीके लगाये गये। आज शिविर में कुल 368 लोगों का टीकाकरण किया गया। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके, इसके लिए टीकाकरण शिविर आज से अग्रिम आदेशों तक बढ़ाया गया है। टीकाकरण शिविर प्रातः 10–00 बजे से प्रारम्भ होगा। शिविर सुचारू रूप से टीका लगाने तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से अगले दिन प्रातः काल 09–30 से लोगों को निर्धारित कोटे के टोकन वितरित किये जायेगें।

# लिखित शिकायत पर भी नही सुनते ब्लॉक स्तर के अधिकारी, सचिव करते अपने मनमाफिक कार्य

संवाददाता सत्यपाल सिंह

सिधौली–सीतापुर। विकास खंड सिधौली अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरिया मे सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य अधूरा पडा है। आज तक टाइल्स व सीट्स भी ज्यो की त्यो पडी है, भुगतान हो गए कार्य पूरा नही हुआ। बस बाहर से रंगाई पुताई करा कर पैसा निकाल लिए है। जबकि सामुदायिक शौचालय टाइल्स व वाटर सप्लाई का भुगतान दिसम्बर माह मे किया जा चुका है।ग्राम पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार द्वारा सामुदायिक शौचालय रखरखाव हेतु जय दुर्गा स्वयं सहायता समूह 14৳08৳2021 को भुगतान कर दिया है। शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण नही तो रखरखाव किसका और कैसे । ब्लॉक स्तर के अधिकारी संबंधित सचिव के खिलाफ कोई कार्रवाई नही करते है। 5 अगस्त को ग्रामीणों से कोटेदार सुरेंद्र कुमार के यहा सादी कार्यवाई रजिस्टर पर हस्ताक्षर करा रहे थे। ग्राम पंचायत सदस्य ने सादी कार्यवाई रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने से मना किया तो सचिव ने कार्यवाई रजिस्टर हाथ से छीन लिए और बोले हस्ताक्षर नही करना है फोटो नही ले सकते है। जिसकी शिकायत फोन पर एडीओ पंचायत सिधौली से की गई। इसके बाद बीडीओ सिधौली से मौखिक शिकायत कर, लिखित शिकायत एडीओ पंचायत के नाम कार्यालय खंड विकास अधिकारी सिधौली–सीतापुर मे ग्राम पंचायत सदस्य सत्यपाल सिंह के द्वारा दी गई। लेकिन आज दिनांक तक कोई ठोस कार्रवाई सबंधित के खिलाफ नही हुई है। ब्लॉक स्तर के अधिकारीगणों पर खबर का भी असर नही होता है। अब देखना यह है कि सबंधित पर जिलाधिकारी महोदय संज्ञान लेते है य नही। ब्लॉक स्तर अधिकारीगण सुनते नही।

# पचास प्रतिशत नीति विरूद्ध स्थानातरण, विरोध में धरना जारी

## 22 अगस्त से कमिश अनशन पर बैठगें सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स

अवध की आवाज

लखनऊ। सिविल डिप्लोमा इन्जीनियर्स संघ सिंचाई विभाग ने विभाग में अवर अभियंताओं के




लगभग 450 स्थानान्तरण में से 50 प्रतिशत स्थानान्तरण नीति विरूद्ध किये जाने के विरोध में धरना जारी रखा है। संघ ने आज यह निर्णय लिया है कि 22 अगस्त से संघ कमिक अनशन शुरू कर दिया जाएगा। संघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष ए.पी. सिंह की अध्यक्षता में प्रमुख अभियंता कार्यालय के समक्ष जूनियर इंजीनियर्स के पूर्णतया भेदभावपूर्ण, नीति विरूद्ध स्थानान्तरण आदेशों के विरोध में पूर्व में घोषित कार्यक्रम के अनुसार शान्तिपूर्ण धरना/प्रदर्शन कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहा। महासचिव नितेन्द्र श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि उ.प्र.सरकार के मंत्रिमंडल द्वारा पारित स्थानान्तरण नीति 29 मार्च 2018 की खुली धज्जियाँ उड़ाकर जूनियर इंजीनियर्स का स्थानान्तरण किया गया है। इसमें स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों के गम्भीर रूप से वीमार होने, पति–पत्नी के सरकारी सेवा में होने, सेवानिवृत्ति में 02 वर्ष से कम का कार्यकाल होने पर ऐच्छिक स्थानान्तरण, संघ के पदाधिकारियों को स्थानान्तरण में संरक्षण प्रदान किये जाने तथा बच्चों की शिक्षा के आधार पर स्थानान्तरण की नीतियों का कोई पालन नहीं किया गया है। यही नही प्रशासनिक आधार पर 400 किमी से भी अधिक दूरी पर स्थानान्तरित कर जूनियर इंजीनियर्स को इरादतन प्रताड़ित किया गया है। इन नीति विरूद्ध स्थानान्तरणों में व्याप्त कदाचार की ना तो कोई जाँच कर दोषियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गयी और ना ही लिखित व मौखिक रूप से बार–बार ध्यानाकर्षण करने पर भी कोई सुधार किया गया है। महीनों से लम्बित स्थायीकरण की सूची जारी न होने से भारी संवर्ग आक्रोश व्यक्त है। इससे प्रदेशव्यापी व्याप्त भारी असन्तोष व रोष के वातावरण में कोविड–19 की गाइड लाइन्स का पूर्ण पालन करते हुए प्रमुख अभियंता परियोजना सिंचाई विभाग के कार्यालय के सम्मुख प्रदेशव्यापी दूसरे दिन भी अनवरत् ध्यानार्काण/धरना/प्रदर्शन का कार्यक्रम जारी रहा। इस अवसर पर इ.ओ.पी.राय, ए.पी.सिंह, उदयभान, महेश चंद चक, राजेश पाण्डेय, रवि यादव आदि ने सम्बोधित किया।

## बसपा के सेक्टर प्रभारी राजकुमार कुरील ने कहा सतीश चंद्र मिश्रा का करें भव्य स्वागत

सुरेश कुमार तिवारी

कहोबा चौराहा गोंडा। देवीपाटन मुख्यालय पर स्थित बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर



आगामी 30 अगस्त को राज सभा सांसद सतीश चंद्र मिश्रा के कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई बैठक में मुख्य रूप से सेक्टर प्रभारी राज कुमार कुरील सेक्टर प्रभारी श्याम चक्रवर्ती सेक्टर प्रभारी हरीश चंद्र गौतम मंडल संयोजक राजिक उस्मानी सेक्टर प्रभारी तिलक रामभारती शशि आनंद गौतम राजमणि चौहान विवेक जिला अध यक्ष मनोज कनौजिया शाहिद अली जिला उपाध्यक्ष लकी नुसरतअली फाति अनिल चौधरी मौलाना इरशाद गप्पू बहुजन समाज पार्टी के तमाम कार्यकर्ता आज इस मीटिंग के दौरान मौजूद रहे।

## सीआईएसएफ इकाई वीएसटीपीपी विंध्यनगर मे फिट इंडिया फ्रीडम रन के अंतर्गत 5 किलो मिटर दौड़ का किया आयोजन

सिंगरौली ।भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है एवं



दिनांक 13 अगस्त 2021 से 02 अक्टूबर 2021 तक Fit India Freedom Run मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 18 अगस्त 2021 को FIT INDIA FREEDOM RUN ds rgr CISF Unit VSTPP¼NTPC½ Vindhyanagar के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा कोविड–19 नियम का पालन करते एवं सामाजिक दूरी रखते हुए 5 किलो मीटर दौड़ का आयोजन श्री जय प्रकाश आजाद वरिष्ठ कमाण्डेन्ट केऔसुब इकाई वीएसटीपीपी विन्ध्यनगर के नेतृत्व में कराया गया। उक्त दौड़ का शुभारंभ श्री जय प्रकाश आजाद वरिष्ठ कमाण्डेन्ट द्वारा झंडा दिखाकर किया गया। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य विन्ध्यनगर वासियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। bFITINDIAFREEDOM त्छ में सीआईएसएफ के अधिकारी एवं जवानों ने हिस्सा लिया। FIT INDIA FREEDOM RUN के विजेताओं को वरिष्ठ कमाण्डेन्ट द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया एवं बताया कि स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वप्रथम होना चाहिए एवं प्रतिदिन सभी को अपने स्वास्थ्य के लिए कम से कम 1 घण्टा का समय देना चाहिए जिससे स्वास्थ्य अच्छा रहे। उन्होंने सभी को मंत्र दिया कि "डेलि का डोज, 1 घण्टा रोज"इस दौड़ में सहायक कमाण्डेन्ट एस.वी रेड्डी, सहायक कमाण्डेन्ट अजित टोप्पो एवं केऔसुब के अन्य अधिनस्थ अधिकारी व अन्य बल सदस्यों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

## पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ

अवध की आवाज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना से आच्छादित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की मुख्य कार्यपालक अधिकारी संगीता सिंह ने सूबे के सम्बंधित अधिकारियों व स्टेट एजेंसी फॉर कंप्रेहेंसिव



हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) को पत्र लिखा है। आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनूप श्रीवास्तव ने बताया– इससे जिले के लगभग 74292 श्रमिकों को योजना का लाभ मिलेगा । शासन से मिले पत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित श्रमिकों को सभी लाभ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के समान मिलेंगे । सभी 74292 श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे द्य प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आबद्ध सभी अस्पतालों में लाभार्थियों को निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी द्य पोर्टेबिलिटी का प्रावधान होने के कारण आयुष्मान कार्ड की सहायता से उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त देश के किसी अन्य राज्य में भी, जहां आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रही है, लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। नोडल अधिकारी ने बताया– योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवाना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत पंजीकृत सभी सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रावधान है। इसके साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) तथा यूटीआईआईटीएसएल के विलेज लेवल इंटर प्रेन्योर (वीएलई) द्वारा भी आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। किसी भी बीमारी की स्थिति में जब लाभार्थी को भर्ती होकर इलाज की आवश्यकता होगी तो योजना के अंतर्गत पंजीकृत अस्पताल में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जा सकता है और निशुल्क इलाज ले सकता है। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी का आधार नम्बर, राशन कार्ड नम्बर तथा पंजीकृत मोबाइल नम्बर होना जरूरी है। प्रदेश में जिन श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हैं उनका ब्योरा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से साचीज को मिल गया है। साचीज ने जनपद का ब्योरा स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दिया है। इन सभी के आयुष्मान कार्ड बनाये जाएंगे। जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक(डीसीपीएम) विष्णु प्रताप ने बताया– आयुष्मान भारत योजना के तहत हर लाभार्थी परिवार को सालाना पांच लाख रुपये तक का मुफ्त मेडिकल इंश्योरेंस उपलब्ध कराया जाता है। भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया कराये जाने की दिशा में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एक मुख्य कार्यक्रम है द्य इस योजना के तहत गंभीर बीमारियों जैसे हृदय रोग, किडनी रोग, घुटना प्रत्यारोपण, कैंसर, मोतियाबिन्द आदि की सर्जरी इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है द्य इस योजना के तहत 1450 हेल्थ पैकेज हैं।

## उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली द्वारा 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि की गई स्वीकृती

सिंगरौली ।सिंगरौली मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग के द्वारा जारी प्रावधानो के तहत उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली श्री ऋषि पवार के द्वारा पिड़ित रमेश कुमार शाह पिता



लाल बहादुर शाह के पुत्र रितेंश कुमार शाह उम्र 7 वर्ष की 26 जुलाई 2021 को पानी मे डूबने से मृत्यु हो जाने पर।

## लखनऊ से कानपुर और संडीला रूट पर जल्द चलेंगी नॉनस्टॉप बसें

### –दोनों रूटों पर रोडवेज बसें संचालित करने की समय–सारिणी तय

लखनऊ(वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) प्रशासन यात्रियों की मांग पर लखनऊ से कानपुर और संडीला रूट पर जल्द ही नॉनस्टॉप (सीधी) बसें चलाएगा। दोनों रूटों पर बसें संचालित करने के लिए समय–सारिणी तय हो गई है।फिलहाल किराया तय करने की प्रक्रिया चल रही है। परिवहन निगम प्रशासन के मुताबिक, लखनऊ से दो रूटों पर नॉनस्टॉप बस सेवा जल्द शुरू होगी। इनमें लखनऊ से कानपुर और लखनऊ से संडीला के रूट शामिल हैं। इन रूटों पर बसें संचालित करने के लिए बसों की समय–सारिणी तय हो गई है।

# एनसीएल द्वारा विकसित मुड़वानी डैम इको पार्क का हुआ ई-उद्घाटन

अवध की आवाज

सिंगरौली। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में "आजादी का अमृत महोत्सव" व "गो ग्रीनिंग" मुहिम के अंतर्गत, कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में, गुरुवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हुई द्य अभियान का ई–शुभारंभ माननीय कोयला, खदान एवं संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार श्री प्रल्हाद जोशी ने पौधारोपण कर किया। दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता एवं सतत विकास तथा पर्यावरण व पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के उद्देश्य से शुरू किए गए इस अभियान के उद्घाटन के अवसर पर, माननीय कोयला, खान एवं रेलवे राज्य मंत्री,भारत सरकार श्री रावसाहेब पाटिल दानवे, सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार डॉ अनिल कुमार जैन व कोयला मंत्रालय के अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। एनसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री प्रभात कुमार सिन्हा,सांसद,सीधी श्रीमती रीति पाठक, कलेक्टर,सिंगरौली श्री आरआर मीणा, कार्यकारी निदेशक मण्डल,एनसीएल, स्थानीय जन प्रतिनिधि व वन विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के साक्षी बने। कार्यक्रम के दौरान, सिंगरौली क्षेत्र में खदान व इको–पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु, एनसीएल द्वारा विकसित किए जा रहे, 84000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले मुड़वानी डैम इको पार्क का उद्घाटन किया गया द्य इस इको पार्क के विकास के लिए एनसीएल जयंत और नगर निगम, सिंगरौली के मध्य पूर्व में एमओयू किया गया था। एनसीएल मध्य प्रदेश पर्यटन के साथ मिलकर , इस पार्क को "सिंगरौली इको पर्यटन सर्किट" से जोड़ कर खदान व इको पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना पर कार्य कर रही है द्य इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और व्यापार के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। इस महोत्सव के दौरान एनसीएल की सभी परियोजनाओंध्इकाइयों के 13 वृक्षारोपण स्थलों पर, करीब 100 एकड़ भूमि में एक लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जा रहा है द्य साथ ही 27 हजार से अधिक फलदार पौधों जैसे आम, आंवला, अनार, अमरूद, लीची, नीबू, कटहल, जामुन इत्यादि का वितरण स्थानीय नागरिकों में किया जा रहा है। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में निदेशक(तकनीकीध्संचालन) डॉ अनिंद्य सिन्हा, निदेशक(वित्त एवं कार्मिक) श्री राम नारायण दुबे, निदेशक(तकनीकीध्परियोजना एवं योजना) श्री एस एस सिन्हा, जेसीसी सदस्यों, सीएमओएआई प्रतिनिधि तथा विभागाध्यक्षों ने मुख्यालय परिसर में पौधे लगाए द्य इस दौरान निदेशक(तकनीकीध्परियोजना एवं योजना) श्री एस एस सिन्हा ने मुख्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों को निःशुल्क पौधे देने की घोषणा की और साथ ही आह्वान किया कि संबन्धित कर्मी अधिक से अधिक पौधों के रोपण व देखभाल का दायित्व निभाएँ । गौरतलब है कि पौधारोपण के लिए जयंत व दूधीचुआ में दो तथा अमलोरी, निगाही, , ब्लॉक बी, झिंगुरदा , खड़िया, कृष्णशिला, ककरी, बीना, केन्द्रीय कर्मशाला,जयंत में एक–एक स्थान को निर्धारित किया गया है जहां पर पौधारोपण के दौरान जिला प्रशासन व वन विभाग के अधिकारी, ग्राम सरपंच एवं एनसीएल पदाधिकारी उपस्थित थे।



## बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ कालपी में स्थित निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवध की आवाज

उरई। मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी अजय शंकर पाण्डेय द्वारा बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ कालपी में स्थित निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत कार्य के संबंध में जानकारी दी। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगो को पीने के पानी, दवायें तथा राशन सामग्री वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों में बोर्ड लगाये जाये जिससे इसमें किसी भी प्रकार का कोई निर्माण कार्य न किये जाये। उन्होने यह भी कहा कि उसमें यदि किसी भी प्रकार का कोई निर्माण कार्य किया जाता है उसे अवैध घोषित करते हुये ध्वस्तीकरण की जायेगी। उन्होने हर गांव की बाढ़ प्रबन्धन योजना बनाये जाने के भी निर्देश दिये तथा यह भी कहा कि बाढ़ राहत शिविर कितने बनाये गये उसकी भी जानकारी की तथा उसमें राशन सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के बीमारियों से बचाव हेतु क्या–क्या उपाय किये जा रहे है उसके संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि जीवन रक्षक दवायें उपलब्ध करायी गयी है तथा उन क्षेत्रों में साफ–सफाई एवं कुंओं में कीटनाशक दवायें भी डाली गयी हैं। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ क्षेत्रों का समय–समय भ्रमण करते रहे। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशु क्षति की भी जानकारी की तथा पशुओं के रोगो से बचाव हेतु टीकाकरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गौशालाओं में यदि कीचड़ है तो उसकी साफ–सफाई कराये जाये। उन्होने पशुओं हेतु चारा, भूसा, पानी आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने इसके लिये संबंधित उपजिलाधिकारियों को भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते रहे। उन्होने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अन्तर्गत राशन दुकानों के राशन वितरण की भी जानकारी की तथा निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की राशन वितरण में समस्या न हो। उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि राशन की दुकानें निरस्त करने के उपरान्त 28 दिन के अन्दर दुकानों का आवंटन अवश्य कर दिये जाये। उन्होने उपायुक्त स्वरोजगार को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के जॉब कार्ड धारकों को मनरेगा के अन्तर्गत काम दिये जाये। उन्होने उपनिदेशक कृषि को भी निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के गांवों को चिन्हित करते हुये उनके फसलों की क्षतिपूर्ति की एक तारीख निर्धारित करते हुये फसल बीमा कम्पनी द्वारा उनके खाते में सीधी राशि उपलब्ध करायी जाये। उन्होने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की साफ–सफाई हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि स्वच्छता अभियान चलाकर साफ–सफाई करायी जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निंरजन, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा0 अभय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ऊषा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) पूनम निगम, उपजिलाधिकारी कालपी कौशल कुमार, उपजिलाधिकारी माधौगढ़ शालिगराम, उपजिलाधिकारी जालौन मीनू राणा, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, उपायुक्त स्वरोजगार अवधेश दीक्षित सहित संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# भृष्टाचार की भेंट चढ़ा नाला

## घटिया मैटेरियल से निर्माण हो रहा नाला नही किया किसी भी अधिकारी ने निरीक्षण

अवध की आवाज

पिरौना (जालौन) स्थानीय कस्बा एट में कोटरा स्टैण्ड और पुराना थाने के पीछे बन रहा नाला चढ़ा भ्र्ष्टाचार की भेट नाला निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। घटिया निर्माण से नाला जगह–जगह अभी से बेकर नजर आ रहा है। जिसे संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण को देखने के बाद भी विभाग के अधिकारियों द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसे लेकर लोगों द्वारा विभाग के अधिकारियों की मिली भगत होने की ओर अंगुलियां उठाई जा रही है मालूम हो कि नगर पंचायत कार्यालय द्वारा उक्त नाला का निर्माण एक ठेकेदार द्वारा कराया गया है। गुणवत्ता की कलई अभी से खुलती नजर आ रही है कोटरा रोड पर बन रहा नाला और पुराना थाना के पास भी हो रहा नाला का निर्माण जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नाला का निर्माण किया गया उसकी मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। अधूरा और घटिया निर्माण होने से बरसात में कस्बे का पानी उक्त नाला के जगह सड़क पर ही बहेगा जल निकासी की व्यवस्था उचित न होने से कस्बे का गंदा पानी सड़क पर ही फैलता है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। इतना ही नहीं कचरों से पटी सड़क की पटरियों पर पैदल चलना दूभर हो गया है। गंदगी का आलम यह है कि जगह–जगह जमा कचरों से दुर्गंध उठ रहा है। जिससे पैदल आने–जाने वाले छात्र–छात्राओं व यात्रियों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों ने अविलम्ब जल निकासी के लिए उक्त नाला का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण और सड़क पर जगह–जगह जमा कचरा की सफाई कराने की प्रशासन से मांग किया है।



### क्या कहते हैं एसडीएम

इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी का कहना हैं कि मेरे पास कल कुछ स्थानीय लोगों की शिकायतें भी आई हुई थी जिसको लेकर मैंने ठेकेदार को भी चेतावनी दी और कहा था कि देखरेख करके ईटा बदलवा कर एक नम्बर का ईटा लगवाए।

## माफिया की जब्त जमीनों पर गरीबों के लिए बनेंगे आवास : सीएम योगी आदित्यनाथ

लखनऊ (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बड़ा एलान किया। अनुपूरक बजट पर बहस प्रस्ताव पर संबोधन के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा कि प्रदेश सरकार ने जितने भी माफिया की जमीन अपने कब्जे पर ली है, उन सभी पर गरीबों के लिए आवास बनाएंगे। इतना ही इनको स्मार्ट फोन भी दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगा आदित्यनाथ ने गुरुवार को मानसून सत्र के दौरान सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमने जितने भी माफिया की जमीन को जब्त किया है, उन सभी पर गरीबों के लिए मकान बनेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 1500 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त और ध्वस्त की। अब हम इस पर आवास योजना बना रहे हैं। माफिया ने जिन जमीनों पर कब्जा कर अपने हवेली खड़ी की थी। उनका ध्वस्तीकरण कर गरीबों के लिए आवास बनाए जाएंगे। वहां एक गरीब, एक दलित रहेगा। यह हमारा सामाजिक न्याय है।

# बहुजन समाज के युवाओं को बहन बेटियों के सम्मान में आगे आना होगा : लक्ष्य

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। लक्ष्य यूथ टीम ने लक्ष्य यूथ कमांडर सुशील कुमार के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस लखनऊ के गांव बीरमपुर में बड़ी धूम धाम से मनाया और दिल्ली की गुड़िया को न्याय दिलाने के लिए एक कैंडल मार्च भी निकाला। इस अवसर पर लक्ष्य कमांडरों ने आजादी के नायकों के बलिदान की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आजादी मात्र मुट्ठी भर लोगों को ही नहीं मिली है। यह आजादी देश के प्रत्येक नागरिक को मिली है। इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है। इसके साथ साथ लक्ष्य कमांडरों ने जोर देते हुए कहा कि बहुजन समाज को जातिवाद के आतंकवाद से मुक्ति मिलनी चाहिए, उन्होंने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि आज भी इतने बड़े समाज की सामाजिक व आर्थिक स्थिति दयनीय है जहाँ जातीय ऊंचनीच, महिलाओं का बलात्कार, मुट्ठी भर लोगों की दबंगई और हुक्मरानों की बेबसी बरकरार है इसके निवारण के लिए कोई चर्चा नहीं हो रही है। वैसे तो जातीय घटनाये दिन प्रति दिन होती रहती है लेकिन कुछ ही खबरों में आ पाती है, हाल ही में घटित जातीय उत्पीड़न का एक बड़ा उदाहरण दिल्ली की मासूम गुड़िया है। उससे पहले हाथरस की बेटी का उदाहरण हम सबके सामने है जहाँ दबंग की दबंगई, शासन प्रशासन की लाचारी साफ दिखाई दी थी। लक्ष्य कमांडरों ने हुक्मरानों से प्रश्न करते हुए कहा कि आखिर यह सब कब तक।




लक्ष्य की महिला कमांडरों ने समाज के युवाओं से आवाह्न करते हुए कहा कि बहुजन समाज के युवाओं को बहन बेटियों के सम्मान में आगे आना होगा।तभी हमारी बहन बेटियां सुरक्षित रह सकेंगी। लक्ष्य कमांडर रेखा आर्या, संघमित्रा गौतम, विजय लक्ष्मी गौतम, राजकुमारी कौशल, नीलम चौधरी, अनीता गौतम, रागनी चौधरी, प्रीति गौतम, मधु गौतम, विमलेश चौधरी, सुमन बौद्ध, रूबी आर्या व लक्ष्य युथ कमांडर शैलेन्द्र आर्या, रवि चौधरी, विनय प्रेम, ऋषभ, श्रवण कुमार, धर्मराज, एस पी कौशल ने हिस्सा लिया।व्यवस्थापक व सहयोगी रहे हेमेंद्र कुमार गौतम, सुशील सिंह, विपिन कुमार, शेर बहादुर, रामजीवन, गंगा प्रसाद, ज्ञानेंद्र गौतम, प्रदीप चौधरी, शैलेन्द्र कुमार शिवम कुमार, आकाश कुमार गौतम, माया देवी, ज्योति कुमारी, रीता कुमारी, सरस्वती देवी, नैंसी कुमारी, राहुल सैनी, रोहित गौतम।

# जन्मजात कटे होंठ व तालू वाले बच्चों के मुफ्त इलाज के लिए पंजीकरण

### अब तक 69 बच्चों का पंजीकरण, 31 अगस्त तक चलेगा पंजीकरण

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अन्तर्गत जन्मजात कटे होंठ व तालू वाले बच्चों का निःशुल्क पंजीकरण स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है। इसके लिए 31 अगस्त तक हेल्थ सिटी ट्रामा सेन्टर एवं सुपर स्पेशियालटी हास्पिटल द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मनोज अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में पंजीकृत बच्चों का सम्पूर्ण इलाज पूर्णतया निःशुल्क किया जा रहा है ।अभी तक लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, उन्नाव, अमेठी, फर्रूखाबाद, लखीमपुरी खीरी, सीतापुर, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, शाहजहाँपुर, बरेली, बलरामपुर आदि शहरों के 69 बच्चों का पंजीकरण किया जा चुका है।

हेल्थ सिटी ट्रामा सेन्टर एवं सुपरस्पेशियालटी हास्पिटल के प्लास्टिक सर्जन एवं स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डा0 वैभव खन्ना ने बताया – अभी तक पंजीकृत बच्चों में से 17 बच्चों का सफल आपरेशन किया जा चुका है । इसके साथ ही लखनऊ के अलावा अन्य जिलों से भी सभी पीड़ित निःशुल्क इलाज के लिए इस शिविर में निःशुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं । पांच अगस्त से शुरू हुई पंजीकरण की प्रक्रिया 31 अगस्त तक जारी रहेगी। अधिक जानकारी के लिए स्माइल ट्रेन संस्था के प्रतिनिधि नीरज कुमार शर्मा के मोबाइल नं. 9454159999, 9565437056 पर संपर्क किया जा सकता है। यह सुविधा प्रत्येक दिन व निरन्तर जारी रहेगी।

डा0 खन्ना ने बताया– "स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट" के तहत जन्मजात कटे होठ व तालू की समस्या का समाधान पूर्णतया निशुल्क किया जाता है। इसलिए इस बात को पूरे प्रदेश में प्रसारित करने की आवश्यकता है। कई बच्चों के होठ व तालू जन्मजात कटे होते हैं द्य पूर्ण रूप से स्वस्थ बच्चे की मुस्कान ही उसका आत्मविश्वास जगाती है। जन्मजात कटे होठ व तालू की समस्या लगभग 3000 से 5000 जीवित शिशुओं में से एक को हो सकती है। यह होठ के दोनो तरफ अथवा एक ही तरफ सम्भव है। सामान्यतः तालू के साथ होठ भी कटा होता है परन्तु कभी–कभी अकेले तालू के कटे होने की सम्भावना भी रहती है। इसके कारणों में किसी भी चीज की स्पष्ट भूमिका अभी तक नहीं प्रमाणित है।

# कोविड अनुरूप व्यवहार व टीकाकरण के प्रति अलख जगाएगी 'मुस्कान एक्सप्रेस'

### प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुस्कान एक्सप्रेस की मोबाइल वैन को किया रवाना

### टीकाकरण के कम प्रतिशत वाले क्षेत्रों से गुजरेगी 'मुस्कान एक्सप्रेस', लोगों को करेगी जागरूक

अवध की आवाज ब्यूरो

रायबरेली। कोविड टीकाकरण तथा कोविड अनुरूप व्यवहारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये अलायंस फॉर इम्यूनाइजेशन एंड हेल्थ ( ए.आई.एच.) व यूनिसेफ के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा "मुस्कान एक्सप्रेस कार्यक्रम" की शुरुआत की गयी है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. खालिद रिजवान ने "मुस्कान एक्सप्रेस" मोबाइल वैन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा– "मुस्कान एक्सप्रेस" मोबाइल वैन को कोविड टीकाकरण तथा कोविड अनुरूप व्यवहारों का संदेश देने वाली प्रचार–प्रसार सामग्री से लैस किया गया है। इसमें कोविड किट, पोस्टर, बैनर, लीफलेट, फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन (एफ0ए0क्यू0 तथा आडियो विजुअल संदेश शामिल हैं ।

प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले के कम टीकाकरण वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुये "मुस्कान एक्सप्रेस" के लिये रूट प्लान बनाया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कोशिश रहेगी कि महिलाओं सहित सभी वर्ग को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जायेद्य "मुस्कान एक्सप्रेस के माध्यम से समुदाय को कोविड मुक्त बनाने के लिए प्रभावशाली व्यक्तियों तथा जन प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जा रहा है। प्रत्येक जिले में लोगों को टीकाकरण करवाने और उपयुक्त व्यवहारों का पालन करने की शपथ दिलाई जाएगी।

ए.आई.एच राष्ट्रीय समन्वयक संध्या कुकरेती ने बताया– एआईएच पहले से ही देश के सात प्रदेशों में बच्चों व महिलाओं के टीकाकरण के प्रति जागरूकता के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय में कार्य कर रहा है और अब रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश के सात जिलों में कोविड टीकाकरण तथा कोविड उपयुक्त व्यवहारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की मदद करेगा। "मुस्कान एक्सप्रेस" कार्यक्रम दिसम्बर माह तक चलाया जायेगा जिसके अंतर्गत रायबरेली के साथ–साथ संभल, चित्रकूट, सोनभद्र, ललितपुर, एटा, बरेली, कासगंज, मुरादाबाद तथा बलरामपुर जनपदों में अगस्त से दिसम्बर माह के बीच, महीने में 15 दिन गाँव –गाँव जाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा।



राष्ट्रीय समन्वयक ने बताया– विभिन्न रिपोर्ट हमें बताती हैं कि प्रदेश ही नहीं पूरे देश में कोविड टीकाकरण में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या बहुत कम है। इसके साथ ही जैसे–जैसे कोरोना का असर कुछ कम होता है, हम सभी का व्यवहार भी उतना ही लापरवाह होता जाता है। कोरोना महामारी के दौरान आम जन के अपने इन अनुपयुक्त व्यवहारों का खामियाजा देखा है। न सिर्फ लाखों लोग एक–साथ महामारी का शिकार हुये बल्कि बहुत से लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, बहुतों की अजिविका प्रभावित हुई है तथा कई लोगों ने इलाज में अपनी जमा–पूंजी लगा दी। इन सभी मुद्दों को सम्बोधित करने के लिये ए.आई.एच द्वारा प्रदेश में "मुस्कान एक्सप्रेस" कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस.अस्थाना , उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अंजली सिंह, यूनिसेफ् की डीएमसी वंदना त्रिपाठी, ए.आई.एच. से चंद्रशेखर शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# हत्या की कोशिश के मामले में दोषी को 10 साल कारावास की सजा

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश की एक अदालत ने हत्या की कोशिश के एक मामले में एक व्यक्ति को 10 साल कारावास की सजा सुनाई है। सबूतों के अभाव में मामले के दो अन्य आरोपियों को बरी कर दिया गया है। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश छोटे लाल यादव ने आरोपी जुनैद को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या की कोशिश) के तहत दोषी ठहराया और उस पर 30,000 रुपए जुर्माना भी लगाया। जिला सरकार के वकील राजीव शर्मा ने बताया कि जुनैद ने पांच फरवरी, 2016 को जडोदा गांव के शकील पर गोली चलाई थी, जिसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# मुहर्रम के जुलूस को रोक के लिए श्रीनगर के इलाके में प्रतिबंध लागू

श्रीनगर, (वेब वार्ता)। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर के अबी गुजर इलाके में शिया समुदाय के सदस्यों को अशूरा के मौके पर पारंपरिक जुलूस निकाले जाने से रोकने के लिए अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को प्रतिबंध लगाए। यह मुहर्रम के 10 दिन के शोक का अंतिम दिन है। अधिकारियों ने बताया कि कोठीबाग थाना क्षेत्र के भीतर आने वाले अबी गुजर इलाके में प्रतिबंध लगाए गए हैं और मुहर्रम के 10वें दिन कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। पुलिस ने मंगलवार को शहर के अलग–अलग स्थानों पर शिया समुदाय के कई लोगों को हिरासत में लिया क्योंकि ये जुलूस निकालने की कोशिश कर रहे थे। पारंपरिक मुहर्रम जुलूस अबी गुजर, लाल चौक और डलगेट इलाकधें से गुजरता था लेकिन 90 के दशक में आतंकवाद के उभार के बाद इसे प्रतिबंधित कर दिया गया क्योंकि प्रशासन का कहना है कि इसका इस्तेमाल अलगाववादी राजनीति के प्रचार के लिए किया जाता था।

# सम्पादकीय

## महिलायें ही सबसे अधिक धार्मिक अतिवाद व रूढ़िवादिता का शिकार क्यों?

–निर्मल रानी–

अफगानिस्तान में तालिबानों द्वारा दो दशक बाद बलपूर्वक किये गये सत्ता नियंत्रण के बाद एक बार फिर अफगानिस्तान की हुकूमत के अंधकार युग में जाने के कयास लगाये जाने लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र सहित दुनिया के अनेक देश इस बात को लेकर बहुत चिंतित हैं। मानवाधिकारों के जबरदस्त हनन की शंकायें जाहिर की जाने लगी हैं। तालिबानों की धार्मिक व विशेष सामुदायिक विचारधारा से भिन्न मत रखने वाले अफगान नागरिकों को क्रूर तालिबानों का भय सताने लगा है।

राजधानी काबुल पर नियंत्रण हासिल करते ही जिस तरह इन्होंने बगराम सहित अफगानिस्तान की विभिन्न जेलों में बंद तालिबानियों, अलकायदा व आईएसआईएस के समस्त दुर्दांत आतंकियों को रिहा करने का काम किया है उससे यह साफ जाहिर है कि यह शरीफ, अमन पसंद, प्रगतिशील व उदारवादी समग्र अफगानी अवाम के नहीं बल्कि ओसामा बिन लादेन व मुल्ला उमर की कट्टरपंथी व अतिवादी सशस्त्र आपराधिक सोच के ही प्रतिनिधि हैं। इन दिनों दुनिया में मुहर्रम भी मनाया जा रहा है। अफगानिस्तान में भी शिया व हजारा समुदाय के अलावा भी विभिन्न धर्मों समुदायों के लोग हजरत मुहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मुहर्रम मनाते हैं।

अफगानिस्तान में भी इन दिनों काबुल व अन्य कई शहरों व कस्बों में हजरत हुसैन के चाहने वालों ने जगह जगह 'या हुसैन' और 'लब्बैक या हुसैन' लिखे हुए परचम लगाये हुए थे। परन्तु तालिबानों की नफरत व वैचारिक असहिष्णुता से परिपूर्ण जल्दबाजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 15 अगस्त को ही उन्होंने जहाँ अपने लड़ाकों को रिहा कराया वहीं पूरे अफगानिस्तान में मुहर्रम व हजरत हुसैन की याद में लगे सभी परचमों व निशानों को भी उसी दिन उतार दिया और उसके स्थान पर इस्लामी कलमा 'ला इलाहा इल्लल्लाह ' लिखा परचम लगा दिया। गौर तलब है कि इसी तरह का इस्लामी कलमा लिखा हुआ परचम आई एस आई एस के आतंकवादी भी इस्तेमाल करते रहे हैं। मस्जिदों, मकबरों, दरगाहों व रौजों पर हमले के समय भी और बेकुसूर लोगों की सामूहिक हत्याएं करते समय भी इस्लामी कलमा लिखा हुआ परचम इन हत्यारे आतंकियों के हाथों में हुआ करता था।

इनका इरादा पाश्चात्य संस्कृति के विरोध के नाम पर अपनी कटटरपंथी व रूढ़िवादी सोच को शरीया के नाम पर आम अफगानी नागरिकों पर थोपने का है। शिक्षा, विशेषकर कन्याओं व युवतियों की शिक्षा के यह सख्त विरोधी हैं। जबकि किसी भी देश धर्म के किसी भी समाज की प्रगति का पहला मूल मन्त्र ही उस समाज की महिलाओं का शिक्षित होना है। कितना हास्यास्पद व विरोधाभासी है कि इन्हीं धर्म के ठेकेदारों को महिलाओं का शिक्षित होना पसंद नहीं, महिलाओं के शिक्षण संसथान इन्हें पसंद नहीं। गत तीन दशकों में इनके द्वारा अब तक सैकड़ों स्कूल ध्वस्त कर दिए गये। परन्तु यदि इन्हीं के घर परिवार की किसी महिला को डॉक्टर को दिखने की जरुरत पड़े तो यही लोग महिला चिकित्सक ढूंढने लगते हैं। आखिर रूढ़िवादियों का यह कैसा दोहरा चरित्र है?

अपनी लड़कियों को पढ़ाकर डॉक्टर इसलिये नहीं बनाना कि इन्हें उसके बाहर निकलने से उसके 'चरित्र हनन' का खतरा है परन्तु किसी दूसरे प्रगतिशील समाज के व्यक्ति ने यदि अपनी लड़की को उसके 'चरित्र हनन' का खतरा उठाते हुए उसे डॉक्टर बनाया है तो इनको उसकी सेवायें जरूर चाहिए? इसके अतिरिक्त महिलाओं का खेल कूद, संगीत, सिनेमा हॉल, सह शिक्षा, फैशन, पुरुष व महिलाओं का एक साथ घूमना फिरना या बात करना, प्यार–मुहब्बत इन्हें कुछ भी पसंद नहीं। धार्मिक वेश, लिबास, बुर्का यहाँ तक कि इनके अपनी जैसी लंबी दाढ़ी रखने को भी यह अनिवार्य करना चाह रहे हैं। क्या मर्द तो क्या औरतें सभी को सार्वजनिक रूप से अमानवीय तरीके से सजाएं देना इनकी खास 'कारगुजारियों' में शामिल है।

तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने हालांकि तालिबानों से भयभीत लड़कियों को संबोधित करते हुए यह जरूर कहा है कि उन्हें डरना नहीं चाहिए। तालिबान के प्रवक्ता ने यह विश्वास दिलाया है कि ''हम उनकी इज्जत, संपत्ति, काम और पढ़ाई करने के अधिकार की रक्षा करने के लिए समर्पित हैं। ऐसे में उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्हें काम करने से लेकर पढ़ाई करने के लिए भी पिछली सरकार से बेहतर स्थितियाँ मिलेंगी'। तालिबानों ने महिलाओं को राजनैतिक प्रतिनिधित्व दिये जाने व उन्हें सभी क्षेत्रों में कामकाज का अवसर दिए जाने का भी वादा किया है।

परन्तु तालिबानों द्वारा महिलाओं के प्रति दो दशक पूर्व किये गए बर्ताव का ही नतीजा है कि आज वहां महिलायें व लड़कियाँ तालिबानों की वापसी से काफी भयभीत हैं वे अपने अस्तित्व को लेकर चिंतित हैं क्योंकि उन्हें यकीन है कि तालिबानी दौर–ए–हुकूमत में न तो वे नौकरी कर सकेंगी न ही लड़कियाँ शिक्षित हो सकेंगी। और यदि ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से यह अत्यंत दुखदायी व भयावह होगा। तालिबानी शासन में बढ़ती इस तरह की चिंताओं ने एक बार फिर यह सोचने के लिए विवश कर दिया है कि विभिन्न धर्मों में आखिर महिलायें ही सबसे अधिक धार्मिक अतिवाद व रूढ़िवादिता का शिकार क्यों हैं?

# अफगान आतंक की नई चुनौती

–ब्रह्मदीप अलूने–

अफगानिस्तान में आतंकवाद फलने–फूलने के बाद यहां की जमीन चीन ही नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया से लेकर रूस तक को आशंकित करती रही है। इसका बड़ा कारण पाकिस्तान के वे आतंकी केंद्र भी हैं जहां तालिबान सहित कई आतंकी संगठन प्रशिक्षण हासिल करते रहे हैं। यूरोप और दक्षिण पूर्व एशिया को जमीन से जोड़ने वाला अफगानिस्तान अपने भौगोलिक दर्रों की वजह से इतिहास में हमेशा दर्ज होता रहा है। लेकिन अब ये दर्रे दक्षिण एशिया सहित पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए अभिशाप न बन जाएं, इसे लेकर आशंकाएं गहराती जा रही हैं। नब्बे के दशक में तालिबान के उभार के बाद ये दर्रे आतंकियों की पनाहगाह बनते चले गए, जिसके दुर्गम रास्तों से होते हुए प्रशिक्षित आतंकियों ने कई देशों में कोहराम मचाया। दो दशक की खामोशी के बाद तालिबान अब फिर से अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हो गया है और इससे आतंकी हिंसा की आशंकाएं फिर से गहरा गई हैं।

अफगानिस्तान में रहने वाले विभिन्न जातीय समूहों की विविधता और भौगोलिक परिस्थितियां आतंक को बढ़ावा देने के लिए मुफीद हैं। अधिकांश आबादी पठान है। इसके बाद पच्चीस से तीस फीसदी ताजिक, करीब दस फीसदी उज्बेक, पांच फीसदी हजारा और दस से पंद्रह फीसदी अन्य जातीय समूह हैं। अफगानिस्तान की कबायली संस्कृति मध्य एशिया में बसने वाले कई नृजातीय समूहों को भी पसंद आती है। पश्तून, उज्बेक, ताजिक और हजारा जैसे कबीलों का सांस्कृतिक समन्वय पामीर के पठार से चीन के शिंजियांग प्रांत तक नजर आता है और यही बात साम्यवादी चीन के लिए मुश्किल पैदा करती रही है।

तालिबान के प्रति चीन की गर्मजोशी का प्रमुख कारण चीन की अपनी सुरक्षा चिंताएं हैं। पिछले महीने जब तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल चीन पहुंचा तो चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने इस प्रतिनिधिमंडल से साफ कहा है कि उसे 'चीन विरोधी' आतंकवादी संगठन ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट से संबंध तोड़ने होंगे। वास्तव में चीन तालिबान के उभार को अपने उत्तर पश्चिम के अशांत क्षेत्र शिंजियांग प्रांत के लिए खतरनाक मानता है। यहां रहने वाले उइगर मुसलमान चीन के खिलाफ पृथकतावादी आंदोलन चला रहे हैं। 'ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट' का मकसद चीन से अलग होना है। यह पृथकतावादी आंदोलन 1949 की स्थिति बहाल करना चाहता है और स्वतंत्र पूर्वी तुर्किस्तान को ही स्वीकार करता है। पूर्वी तुर्किस्तान ही चीन प्रशासित शिंजियांग है। इसकी सरहदें दक्षिण में तिब्बत और भारत, पूर्व में मंगोलिया, उत्तर में रूस और पश्चिम में कजाकिस्तान, किर्गिजस्तान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से मिलती हैं। चीन का सबसे बड़ा संकट शिंजियांग की पश्चिमी सीमा है जो मुसलिम देशों से मिलती है और यही कारण है कि चीन अफगानिस्तान में सैन्य अड्डा भी बनाना चाहता है।

पिछले कुछ समय से अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट (आइएस) के उभार से चीन के अशांत शिंजियांग में आंतरिक अशांति और ज्यादा बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। मध्य एशियाई देशों में सक्रिय आइएस से इस क्षेत्र में सहानुभूति रखने वाले कट्टरपंथी मौजूद हैं। इस क्षेत्र के विभिन्न देशों अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिजस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ज्बेकिस्तान और शिंजियांग से कुल मिला कर हजारों लड़ाके आइएस के समर्थन में लड़ने के लिए सीरिया और इराक जा चुके हैं। ऐसे में आइएस ने उत्तरी अफगानिस्तान में अपने पैर जमाने की कोशिशें जारी रखी हैं ताकि वह मध्य एशिया, चेचेन और चीनी वीगर उग्रवादियों से गठजोड़ कर सके। अब तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता में काबिज होने के बाद कई नाराज जातीय समूह इस्लामिक स्टेट से जुड़ सकते है और यह इस पूरे क्षेत्र के लिए सुरक्षा संकट बढ़ा सकता है।

अफगानिस्तान में आतंकवाद फलने–फूलने के बाद यहां की जमीन चीन ही नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया से लेकर रूस तक को आशंकित करती रही है। इसका बड़ा कारण पाकिस्तान के वे आतंकी केंद्र भी हैं जहां तालिबान सहित कई आतंकी संगठन प्रशिक्षण हासिल करते रहे हैं। मध्यपूर्व, कश्मीर, अजरबैजान और आर्मेनिया सहित कई क्षेत्रों में हुए युद्धों और संघर्षों में विरोधी देशों ने अस्थिरता फैलाने के लिए भाड़े के लड़ाकों का उपयोग किया है। पैसे के लिए दुनिया के किसी भी भाग में जाकर लड़ने के लिए तैयार ये सैनिक अफगानिस्तान, पाकिस्तान, लीबिया, लेबनान, सीरिया, इराक, यमन, सूडान और नाइजीरिया जैसे गरीब और गृहयुद्ध से जूझने वाले देशों से होते हैं। इनमें आतंकवादियों को भी शामिल किया जाता है, जिनके प्रशिक्षण अफगानिस्तान और पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान में सैयद मौदूदी इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट और जमायत–उल–उलूम–इलझइस्लामिया जैसे संस्थान बहुत कुख्यात हैं। मुजफ्फराबाद, अलियाबाद, कहूटा, हजीरा, मीरपुर, रावलकोट, रावलपिंडी और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में अनेक आतंकी प्रशिक्षण केंद्र हैं। इस संस्थानों का काम इस्लामी चरमपंथियों को प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता देना है। यहां पर सिंकियांग के उइगुर सहितत उजबेक और तुर्क भी प्रशिक्षण लेते रहे हैं। चेचेन्या में रुसी सेना से लड़ने वाले चरमपंथी और मुल्ला उमर समेत तालिबान के अधिकांश लड़ाके यहीं से निकले हैं।

तालिबान के सत्ता में आने से म्यांमा भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। म्यांमा में बौद्धों और रोहिंग्या मुसलमानों के संघर्ष के बीच जिहादी संगठन एकजुट होकर म्यांमा को सबक सिखाने की घोषणा कर चुके हैं। इसमें यमन का अलकायदा समूह और पाकिस्तान के लश्कर–एझतैयबा शामिल हैं। रोहिंग्या सुन्नी इस्लाम को मानते हैं। 1991–92 में म्यांमा में सेना के दमन के कारण करीब ढाई लाख रोहिंग्या बांग्लादेश भाग गए थे। उस दौरान पश्चिम बंगाल और उत्तर पूर्वी राज्यों की सीमा से घुस कर तकरीबन चालीस हजार रोहिंग्या भारत के विभिन्न स्थलों में बस गए। अब तालिबान के मजबूत होने से भारत के बौद्ध धर्म स्थलों को निशाना बनाया जा सकता है।

यहीं नहीं, बांग्लादेश के चरमपंथी संगठन हूजी के भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के कई कट्टरपंथी संगठनों से गहरे संबंध हैं और वे आइएसआइ के इशारे पर काम करते है। अस्सी के दशक में जब सोवियत–अफगान युद्ध जब चल रहा था, उसी को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश की कट्टरपंथी ताकतों ने कुख्यात आतंकी संगठन हरकत–उल–जिहाद–अल–इस्लाम की स्थापना की थी। इस युद्ध में बांग्लादेशी मुजाहिदीनों ने भी हिस्सा लिया था। अब यह आतंकी संगठन संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित है। हरकत–उल–जिहाद–अल–इस्लाम पश्चिमी म्यांमा में रोहिंग्या विद्रोह का समर्थन करने के लिए जाना जाता है।

भारत के एक और पड़ोसी श्रीलंका में भी आतंकी हमलों के तार अफगानिस्तान से जुड़ने की पुष्टि हुई है। 2019 में ईस्टर पर हुए आत्मघाती हमले के बाद श्रीलंका सरकार ने स्थानीय जिहादी समूह नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) और दो अन्य संगठनों को प्रतिबंधित कर दिया था। ऐसा माना जाता है कि एनटीजे देश के कुछ बौद्ध स्मारकों को उड़ाने की योजना बना रहा था। जांच एजेंसियों के अनुसार 2016 में केरल के कुछ कट्टरपंथी लोगों का एक समूह श्रीलंका के नेगोम्बो गया था। नेगोम्बो सहित श्रीलंका के कई शहरों में 2019 में ईस्टर के मौके पर धमाके हुए थे, जिसमें सैंकड़ों लोग मारे गए थे। माना जाता है कि ये लोग बाद में अफगानिस्तान जाकर आइएस में शामिल हो गए थे। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रशिक्षित कट्टरपंथी विचारधारा से मालदीव और बांग्लादेश जैसे देशों के उदार या धर्मनिरपेक्ष लोग दहशत में हैं।

जाहिर है, तालिबान के प्रभाव में दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व में काम करने वाले कई आतंकी संगठन हैं। अफगानिस्तान एक बार फिर दुनिया के आतंकी संगठनों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन सकता है। इस समस्या से निपटने के लिए भारतीय उपमहाद्वीप समेत दुनिया को नीतिगत कदम तुरंत उठाने होंगे। इसमें पाकिस्तान को नियंत्रित किया जाना बेहद जरूरी है।

# 21 अगस्त की रात 12 बजे से 22 अगस्त की रात 12 बजे तक रोडवेज बस में मुफ्त सफर कर सकेंगी महिलाएं

लखनऊ। रक्षाबंधन के पर्व पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सभी बसों में महिलाएं निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। इसके लिए शासन ने निर्देश जारी कर दिए हैं। उप्र शासन के विशेष सचिव डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा ने परिवहन निगम के सभी प्रबंध निदेशकों को पत्र जारी किया है। कहा है कि 21 अगस्त की रात 12 बजे से 22 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं के लिए रोडवेज की बसों में यात्रा निशुल्क रहेगी। प्रदेश के 75 जिलों में सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसकी समीक्षा बैठक में सीएम ने यह निर्देश जारी किए हैं।



# चिरायु जन कल्याण समिति को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

अवध की आवाज ब्यूरो

मध्य प्रदेश। जिला सिंगरौली कोरोना के दूसरी लहर के दौरान लॉक डाउन लगने के साथ ही चिरायु जन कल्याण समिति के स्वयंसेवक जिला कलेक्टर राजीव रंजन मीणा के निर्देशन एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राज विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में शशि देव पाण्डेय के नेतृत्व में कोरोना महामारी से बचाव के लिए बढ़ चढ़ के कोरोना जागरूकता में प्रशासन का सहयोग किये। सभी स्वयं सेवक वैढ़न शहरी क्षेत्र में लगातार हर दिन लोगों को मास्क लगाने, हाथ धोने, सैनिटाइज करने, दूरी बनाने संबंधित जागरूक किये। साथ ही गली गली हर मोहल्ले में जा कर लोगों को वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरणा देने के साथ बुजुर्गों को टीकाकरण केंद्र तक ले जा कर टीका लगवाने के कार्य किये। कोरोना में लॉकडाउन के कारण संस्था ने अपनी आमदनी खो देने वाले जरूरतमंदों को राशन वितरण किया। उक्त कार्य के लिए चिरायु जन कल्याण समिति और संस्था के अध्यक्ष को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। इसी के साथ चेक पोस्ट तेलगवां और परसोना में अहम भूमिका निभाने वाले



स्वयंसेवक संतोष पाण्डेय, दीन दयाल शाह, उमेश पाण्डेय, आनंद शाह, अशोक शाह, ओम प्रकाश पाण्डेय को भी सम्मानित किया गया। जागरूकता और सेवा देने वाले स्वयंसेवक अमित पाण्डेय, रविन्द्र सिंह, अरविंद पाण्डेय, सुजय उपाध्याय, शास्त्री संदीप पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, अमर उपाध्याय, राजेश दुबे, किरण वर्मा, पुष्पा सिंह, कमलेश सिंह, शकील खान, शिवा ठाकुर, मो. नाज, शकीना अंसारी आदि को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

# चार बच्चों द्वारा घर से निकाले गये 74 वर्षीय पिता को पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने स्वयं मौके पर पहुंच कर दिलाया न्याय



अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। दिनाकं 18.08.2021 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा द्वारा की जा रही जनसुनवाई के दौरान एक 74 वर्षीय वृद्ध हरीप्रसाद पुत्र दातादीन निवासी ग्राम धानेपुर ठठेरी थाना धानेपुर जिला गोण्डा ने उपस्थित होकर उसके लड़को द्वारा उसको घर से निकाल देने के सम्बन्ध में अपनी पीडा बतायी। पीडित वृद्ध ने बताया कि उसके चार लड़के है जिसमें से तीन लडके बैंक मे व एक लडका विद्युत विभाग में कार्य करता है। इन सभी ने मिलकर पैतृक घर पर कब्जा कर मुझे घर से बाहर निकाल दिया है। विरोध करने पर मुझे मारते–पीटते है तथा खाना–पानी भी नही देते है। इस बुजुर्ग फरियादी की पीडा को सुनकर पुलिस अधीक्षक स्वयं वृद्ध हरी प्रसाद को साथ लेकर उसके घर धानेपुर ठठेरी पहुंचे तथा वृद्ध के लडको को बुलवाकर बुजुर्ग की रहने एवम् खाने–पीने की उचित व्यवस्था कराकर घर में उन्हें स्थापित कराया। साथ ही उपस्थित परिजनो से वार्ता कर भविष्य में बुजुर्ग हरी प्रसाद का ख्याल रखने एवम् किसी भी प्रकार से परेशान न करने की हिदायत दी। जिस पर उपस्थित सभी परिजनो ने अपनी गलती की माँफी मागते हुए भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न करने का वचन भी दिया। बुजुर्ग हरीप्रसाद ने इस न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक गोण्डा का सहृदय धन्यवाद दिया।



# गायब हुए बच्चों को चंद मिनट में डायल 112 पुलिस ने बच्चे को सकुशल पहुंचाया उसके घर,हो रही है सराहना

### डायल 112 के कमांडर दिलीप कुमार व पायलट होमगार्ड नरेंद्र अंकम ओझा की हो रही सराहना

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। एक लड़का लावारिस हालत में गुड्डू मल चौराहा के पास लावारिस हालात में घूम रहा था कि उस बच्चे पर वहीं पर खड़े दुर्गा प्रसाद तिवारी की नजर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दिया वही इवेंट की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्चे को अपने कब्जे में लेते हुए तत्काल छानबीन करना शुरू कर दीया और बच्चे बच्चे से भी पूछताछ कर सकुशल पहुंचा बच्चे के घर पहुंच कर दिया बच्चे के पिता को सुपुर्द कर दिया बताते चलें कि राजा मोहल्ला नई बस्ती कोतवाली नगर के रहने वाले रईस पुत्र बशीर का लड़का गायब हो गया था जो वह भी खोजबीन कर रहे थे। लेकिन उसका पता नहीं चल सका लेकिन गुड्डू मल चौराहे पर खड़े दुर्गा प्रसाद तिवारी ने जैसे ही बच्चे को लावारिस हालत में देखा तो इसकी सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दिया पुलिस ने पहुंचकर बच्चे को सकुशल उसके परिजनों से सुपुर्द कर दिया जिससे कहीं ना कहीं डायल 112 पुलिस के दोनों कर्मियों को उनके परिजनों ने धन्यवाद दिया और सराहना किया जिसको लेकर कहीं ना कहीं क्षेत्र में एक चर्चा का विषय बना हुआ है।



# यूपी में किरायेदारी कानून लागू करने का मार्ग हुआ क्लीन चिट

वनोद कुमार सिंह,
अवध की आवाज

गोंडा। उत्तर प्रदेश में चल रहे विधानसभा के मानसून सत्र में उत्तर प्रदेश नगर परिषद किरायेदारी विनय मन विधायक 2021 पेश किया गया । इस प्रकार से अब किरायेदारों और मकान मालिक के बीच होने वाले मसले को खत्म करने के उद्देश्य से लाए गए नए कानून किरायेदार लागू करने का रास्ता अब साफ हो गया है। अब मकान मालिक और किराएदार को रेंट एग्रीमेंट के साथ इसकी जानकारी 3 महीने के अंदर ट्रिब्यूनल प्राधिकारी को देना अनिवार्य किया गया है। बताते चलें कि नए कानून के अनुसार किराए पर मकान देते समय मकान मालिक आवासीय के लिए 2 माह तथा गैर आवासी के लिए 6 माह का एडवांस किराया ले सकता है । मकान मालिक को जरूरत के अनुसार मकान मरम्मत कराना होगा, दीवारों की सफेदी और दरवाजे की पेंटिंग, खिड़की की सफाई करानी होगी। इस प्रकार किरायेदारों के लिए भी कानून की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है नल का वाल खराब होने पर उसे ठीक कराने या बदलवाने की जिम्मेदारी स्वयं किराएदार की होगी । नाली की सफाई , शौचालय की मरम्मत, कराना होगा। इस प्रकार मकान मालिक हर किरायेदारों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसके लिए आवास विभाग डिजिटल प्लेटफॉर्म भी तैयार कराएगा। नए किरायेदार कानून के तहत मकान मालिक हर वर्ष आवासीय में 5 फीसदी और गैर आवासीय में 7 फीसदी किराया बढ़ा सकता है।

# रिद्धिमा ने फैमिली पर किया कॉमेंट तो रोए प्रतीक, ऐक्ट्रेस ने बाद में मांगी माफी

मुंबई, (वेबवार्ता)। 'बिग बॉस ओटीटी' में आए दिन धमाकेदार लड़ाई–झगड़े देखने को मिल रहे हैं। हाल ही के एपिसोड में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। एक तरफ प्रतीक सहजपाल का राकेश बापट,



शमिता शेट्टी और करण नाथ के साथ झगड़ा हुआ तो वहीं दूसरी ओर रिद्धिमा पंडित भी उनसे भिड़ गईं। लड़ाई के दौरान रिद्धिमा ने प्रतीक को न सिर्फ गाली दी बल्कि उनकी फैमिली को लेकर भी कुछ कहा, जिससे प्रतीक इमोशनल हो गए।

प्रतीक सहजपाल को निशांत भट्ट, मूस जट्टाना और अक्षरा सिंह ने किसी तरह चुप करवाया और हौसला बढ़ाया। प्रतीक ने खुद को किसी तरह संभाला और रिद्धिमा से कहा कि उन्हें शर्म आनी चाहिए। उन्होंने किसी की भावनाओं को हर्ट किया। फैमिली के लिए बोला और गालियां दीं जोकि सही नहीं है।

लेकिन रिद्धिमा, प्रतीक का मजाक उड़ाने लगती हैं और कहती हैं, 'ओ बेचारा रोने लगा। मेंटल ब्रेकडाउन हो गया।' वह कहती हैं कि प्रतीक उन्हें और अन्य घरवालों को पहले दिन से ही टॉर्चर कर रहे हैं और अब जब खुद उनके साथ ऐसा हुआ तो रोने लगे।

हालांकि इस लड़ाई के बाद प्रतीक सहजपाल और रिद्धिमा का पैचअप हो गया है। दोनों ने एक साथ बैठकर बात की और जो भी गिले–शिकवे थे उन्हें दूर किया। रिद्धिमा पंडित ने प्रतीक सहजपाल को बताया कि उन्हें किस बात से गुस्सा आ गया था। वह कहती हैं कि उन्हें लगा कि प्रतीक ने उनकी कमजोर नब्ज पर हाथ रखा। जब बहस के दौरान प्रतीक ने कहा कि वह उनके बर्ताव के कारण उन्हें दवाई देंगे तो उन्हें गुस्सा आ गया और वह बेकाबू हो गईं।

रिद्धिमा ने बताया कि वह अकसर मेडिकल रूम में जाकर काफी देर बैठती हूं और सोचती हैं कि ऑडियंस उनके बारे में क्या सोच रहे होंगे। रिद्धिमा ने कहा कि प्रतीक का ऐसा बर्ताव देखकर उन्हें लगा कि वह उनकी मेडिकल कंडीशन का मजाक उड़ा रहे हैं। तब उन्होंने प्रतीक को बताया कि हॉर्मोन पिल्स लेती हैं। इसके बाद उन्होंने प्रतीक से माफी मांगी और कहा कि वह उनसे कभी नहीं लड़ेंगी। प्रतीक ने भी रिद्धिमा से माफी मांगी और गले लगाया। इस तरह प्रतीक और रिद्धिमा का पैचअप हो गया और वो दोस्त बन गए हैं। देखते हैं कि अब इनके इस पैचअप का घर के अन्य कनेक्शन पर क्या फर्क पड़ेगा।

# अंतरा के बेबी शावर में पति करण बुलानी संग पहुंचीं रिया कपूर, सोनम, खुशी और शनाया भी दिखे साथ

मुंबई, (वेबवार्ता)। कपूर फैमिली में इन दिनों खुशी का माहौल है। एक तरफ जहां 14 अगस्त के दिन अनिल कपूर की छोटी बेटी रिया कपूर अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण बुलानी के साथ शादी के बंधन में बंधी। जिसमें करीबी दोस्त



और फैमिली मेंमबर ही शामिल हो पाए थे। वहीं दूसरी तरफ सोनम कपूर के चचरे भाई मोहित मारवाह और उनकी पत्नी अंतरा मोतीवाला मारवाह के घर जल्द ही एक नया मेहमान आने वाला है। दरअसल, मोहित मारवाह और उनकी पत्नी अंतरा जल्द ही माता– पिता बनने वाले हैं। बीते बुधवार के दिन मोहित की पत्नी अंतरा मोतीवाला मारवाह का बेबी शॉवर था। जिसमें सोनम कपूर, रिया कपूर, खुशी कपूर, अर्जुन कपूर, अंशुला कपूर, शनाया कपूर पहुंचे थे।

अंतरा मोतीवाला मारवाह के बेबी शॉवर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिसमें कपूर्स भाई– बहन का अंदाज देखने लायक है। सोनम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अंतरा के बेबी शॉवर की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सोनम ने तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,' खानदान फॉर द गोदभराई ऑफ अंतरा' साथ ही इस गोदभराई के जश्न में जो शामिल नहीं हो पाए जैसे– जाह्नवी कपूर, आहान कपूर, हर्षवर्धन कपूर, सभी को फोटोज में टैग किया है।

सोनम के अलावा खुशी, शनाया और अर्जुन ने भी गोद भराई की खूबसूरत तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में कपूर्स भाई– बहन का अंदाज देखने लायक है। फैन्स भी इन तस्वीरों पर खूब रिएक्शन दे रहे हैं और वह स्टार्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सोनम इन दिनों इंडिया में हैं और वह ज्यादा से ज्यादा वक्त अपनी फैमिली के साथ स्पेंड कर रही हैं।

# बिग बॉस 15 के प्रोमो में अपनी आवाज देंगी रेखा

मुंबई, (वेबवार्ता)। अभिनेत्री रेखा विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस 15 के प्रोमो के लिए अपनी आवाज देंगी। रेखा ने कहा कि बिग बॉस एक बहुत ही नायाब शो है, जिसमें ड्रामा, एक्शन, मस्ती और रोमांच सब है और इसके अलावा, आपको जीवन का एक क्रैश कोर्स करने को मिलता है। टीवी पर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो के प्रोमो में रेखा एक पेड़ के लिए एक विशेष वॉयसओवर करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि यह एक रोमांचकारी नया अनुभव होने जा रहा है, क्योंकि मैं एक स्पीकिंग ट्री के लिए वॉयस ओवर कर रही हूं, जिसे सलमान ने प्यार से विश्वसुंत्री नाम दिया है, जो ज्ञान,



आशा और विश्वास से भरा एक जीवंत पेड़ है। सलमान के साथ काम करके मुझे हमेशा खुशी होती है और मैं उनके साथ इन अनोखे पल को साझा करते हुए खुद को धन्य महसूस कर रही हूं। बिग बॉस का नया सीजन ट्विस्ट और जंगल में संकट से भरा होने वाला है क्योंकि घर के अंदर आने से पहले प्रतियोगियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कलर्स शो के प्रोमो में से एक में, सलमान जंगल में घूमते हुए दिखाई देते हैं, जब उन्हें एक पेड़ से आने वाली आवाज सुनाई देती है और उससे बातचीत करना शुरू कर देते हैं।

# अल्लू सिरीश के पास अपनी फिल्मों के हिंदी डबिंग की योजना

हैदराबाद, (वेबवार्ता)। अभिनेता अल्लू सिरीश ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक दिलचस्प पोल साझा किया है। सिरीश जल्द ही आगामी तेलुगू प्रेम कहानी प्रेमा कदंता में दिखाई देंगे। उन्होंने अपने फोलोवर्स से पूछा कि क्या उन्हें अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करना शुरू कर देना चाहिए। सिरीश की 2019 की फिल्म एबीसीडीः अमेरिकन बॉर्न कन्फ्यूज्ड देसी को हिंदी में डब



किया गया था और यह टेलीविजन पर सबसे ज्यादा रेटिंग वाली तेलुगू फिल्मों में से एक बन गई थी। अभिनेता ने एबीसीडी से एक क्लिप अपलोड की और हिंदी टेक्स्ट में लिखा, मुझे अपनी आवाज पसंद है। क्या मुझे हिंदी में डबिंग शुरू करनी चाहिए? इसे पोस्ट करने के एक घंटे के भीतर ही उनके 80 प्रतिशत फॉलोअर्स ने उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। सिरीश को इस साल की शुरुआत में हिंदी ट्रैक विलायती शराब के म्यूजिक वीडियो में देखा गया था।

# खुदा हाफिज को करियर की खास फिल्म मानते हैं विद्युत जामवाल

मुंबई, (वेबवार्ता)। बॉलीवुड के एक्शन हीरो विद्युत जामवाल फिल्म खुदा हाफिज को करियर की खास फिल्म मानते हैं। पैनोरामा स्टूडियोज की फिल्म खुदा हाफिज को प्रदर्शित हुये एक साल हो गये हैं।फारूक कबीर निर्देशित इस फिल्म को जबरदस्त व्यूअरशिप और सराहने मिलीं। विद्युत जामवाल इस फिल्म में पहली बार एक ऐसे आम आदमी के किरदार में नजर आए थे जो अपने प्यार के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देता है। विद्युत जामवाल खुदा हाफिज को करियर की खास फिल्म मानते हैं। विद्युत जामवाल ने कहा, "खुदा हाफिज को जब मेरे समक्ष पेश किया गया था तब मुझे इसमें बहुत नयापन सा लगा। मुझे याद है कि जब इस फिल्म की स्क्रिप्ट मुझे सुनाई गई थी तब मैं बहुत उत्साहित था साथ ही मुझे यह भी बताया गया था कि फिल्म को बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। जब इस फिल्म को डिजिटली रिलीज किया गया तब लोगों ने इसे खूब सराहा और प्यार बरसाया। फारुक कबीर ने कहा, खुदा हाफिज उन लोगों के जीवन का एक अद्भुत अध्याय है जो इसके निर्माण में शामिल थे। मैं दर्शकों का आभारी हूं कि उन्होंने अपने असीम प्रेम से इस फिल्म को बड़ा बना दिया। मैं उम्मीद करता हूं कि लोग फिल्म की सीक्वल पर भी उतना ही प्यार बरसाएंगे।




# कंगना रनौत ने शुरू किया 'टीकू वेड्स शेरू' का प्री–प्रोडक्शन वर्क

मुंबई, (वेबवार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री–फिल्मकार कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' का प्री–प्रोडक्शन वर्क शुरु कर दिया है। कंगना रनौत टीकू वेड्स शेरू फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसके जरिए वह बतौर प्रोड्यूसर डिजिटल डेब्यू करने वाली हैं। इस अपकमिंग डार्क कॉमेडी फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी लीड रोल में नजर आने वाले हैं जिसके प्री–प्रोडक्शन का काम कंगना रनौत ने अपनी टीम के साथ शुरू कर दिया है। कंगना रनौत ने सोशल मीडिया के जरिए टीकू वेड्स शेरू फिल्म से जुड़ी कुछ जानकारी शेयर करते हुए कहा, "टीकू वेड्स शेरू का प्री–प्रोडक्शन, मणिकर्णिका फिल्म के ऑफिस में। फिल्म की शूटिंग नवम्बर के पहले हफ्ते से शुरू होगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में नवाजुद्दीन शेरू की भूमिका में नजर आएंगे। कंगना रनौत का प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले बन रही टीकू वेड्स शेरू, डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए तैयार की जा रही है, जिसे साई कबीर निर्देशित करेंगे।

# निघासन पावर हाउस की चरमरा विद्युत व्यवस्था

## बिजली की अंधाधुंध कटौती से जनता परेशान अधिकारी सब मौन

## बिजली बिल उसूलने के लिए गरीबो के घरों में पूरी फोर्स के साथ डाले जाते है छापे जिन पर होते है लाखो के बिल वहाँ पीते है। चाय

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। बिजली विभाग की अंधाधुंध कटौती से जनता परेशान नजर आ रही है जबकि इस बेमिसाल मौसम को देखते हुए बिजली की अत्यंत आवश्यकता है । बिजली विभाग के कर्मचारी व अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं न तो किसी का फोन उठ रहा है ना कोई सूचना बताई जा रही है थोड़ी थोड़ी देर में की जा रही आंख मिचौली से लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है जहां एक तरफ सरकार 18 से लेकर 20 घंटे बिजली देने का वादा कर रही है वहीं दूसरी ओर विभाग की मनमानी के चलते 12 घंटे भी बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता में काफी रोष व्याप्त है निघासन पावर हाउस के अधिकारियों के द्वारा कोई फोन रिसीव नहीं किया जा रहा है जनता के साथ विद्युत आपूर्ति में खिलवाड़ किया जा रहा है स ग्रामीणों का आरोप है यदि विद्युत विभाग की चरमराई व्यवस्था नहीं की गई तो हम सभी लोग एकत्रित होकर पावर हाउस के अधिकारियों का घेराव करेंगे सऔर साथ बिजली का बिल उसूलने के लिए पूरी फोर्स के साथ कमजोर लोगो के घरों में घुस कर उनका तार काट देना धमकी देना की अगर बिल नही जमा किया तो जेल भेज दिए जाओगे और जिन पर वास्तविक रूप से लाखों का बिल बाकी है उन के घर जा के चाय पी के वापस आ जाते है। बिना लाइट के ही बिल बढ़ता जाता है।विधुत विभाग की घोर लापरवाही किसी भी नेता को नही दिखती की आगे इनकी शिकायत करे क्योंकि इस विभाग के अधिकारी कभी सुनेंगे ही नही।

# अमेरिका में स्कूलों में मास्क पहनने के आदेश का पालन न करने पर होगी कार्रवाई

वाशिंगटन, (वेबवार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने शिक्षा मंत्री को उन राज्यों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की संभावनाएं तलाशने का आदेश दिया है जिन्होंने छात्रों को कोविड–19 से बचाने के लिए स्कूलों में मास्क लगाने और अन्य जन स्वास्थ्य संबंधी उपायों का पालन नहीं किया। बाइडन के बुधवार को दिए इस आदेश के जवाब में शिक्षा विभाग ने फ्लोरिडा, टेक्सास, आयोवा और रिपब्लिकन नेताओं के नेतृत्व वाले अन्य राज्यों में नीतियों से लड़ने के लिए अपने असैन्य अधिकारों का इस्तेमाल करने की संभावना जतायी है। इन राज्यों ने निजी स्कूलों में कक्षाओं में मास्क लगाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शिक्षा मंत्री माइगेल कोर्डोना को कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच छात्रों की रक्षा करने में नाकाम रहने वाले राज्यों के खिलाफ ''सभी उपलब्ध हथकंड़ों का आकलन'' करने को कहा है। इस बीच बाइडन ने बुधवार को घोषणा की कि नर्सिंग होम को संघीय मेडिकेयर और मेडिकेड निधि हासिल करने के लिए अपने कर्मियों को कोविड–19 रोधी टीके लगाने होंगे। उन्होंने कहा, ''अगर आप किसी नर्सिंग होम में जाते हैं, वहां रहते या काम करते हैं, तो आपको टीका न लगवाने वाले कर्मचारियों से कोविड–19 की चपेट में आने का खतरा नहीं होना चाहिए। संघीय आंकड़ों के अनुसार, नर्सिंग होम के हजारों कर्मियों ने कोरोना वायरस रोधी टीके की खुराक नहीं ली है।

# दर्जी कुआं तिराहे पर केन्द्रिय गृह राज्य मंत्री का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

अवध की आवाज,
विनोद कुमार सिंह

गोण्डा। आज सुबह केंद्रयी गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने भारी काफिले के साथ दर्जी कुआं तिराहे पहुंचे पहले सहित सैकड़ों भाजपाइयों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री कुछ समय वहा रुके उसके बाद वजीरगंज के लिए काफिले के



से इंतजार कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आज सुबह गोण्डा नवाबगंज मार्ग पर भारी काफिले के साथ वजीरगंज के लिए जा रहे थे। की दर्जी कुआं तिराहे पर भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य सुशील कुमार शुक्ल,सोनू शुक्ला,दिपक सिंह,विजय प्रकाश सिंह ,शिव बहादुर सिंह,शिव मुर्ति सिंह साथ चले गए। केंद्रीय गृहमंत्री के सुरक्षा में लगे क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकांत गौतम, क्षेत्राधिकारी तरबगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नगर आलोक कुमार राव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देहात संतोष कुमार तिवारी ,चौकी प्रभारी खोरहसा जितेन्द्र कुमार बर्मा तथा चौकी प्रभारी दर्जी कुआं मानेन्द्र सिंह, कांस्टेबल महेंद्र पटेल, कांस्टेबल राघवेंद्र,, कांस्टेबल रंजीत कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

# जेल में रचनात्मक कार्य से कैदियों को मुख्यधारा में वापस आने में मदद मिलेगी : न्यायाधीश

नागपुर, (वेब वार्ता)। नागपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस सी मोरे ने कहा कि अगर कैदी जेल की सजा के दौरान रचनात्मक और कलात्मक कार्यों में शामिल होते हैं तो इससे उन्हें अपनी मानसिकता बदलने और मुख्यधारा में वापस आने में मदद मिलेगी। यहां केंद्रीय कारागार के कैदियों द्वारा बनाई गई राखियों, लकड़ी के सामानों और कपड़ों की प्रदर्शनी का बुधवार को उद्घाटन करने के बाद उन्होंने यह बात कही। मोरे ने कैदियों के रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा, ''मुझे पता नहीं था कि इस जेल में कलाकार भी हैं। अगर जेल में उनका समय अच्छा कार्य करने में व्यतीत हो तो उनके स्वभाव में बदलाव आएगा।'' जेल अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि जेल प्रशासन कैदियों को अपनी छिपी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि जेल के कारखाना खंड में कैदियों द्वारा सामान तैयार किए जाते हैं। इन्हें अपने छिपे हुए कौशल को निखारने के लिए कई तरह के प्रशिक्षण दिए गए हैं। जेल की उपाधीक्षक दीपा आगे ने कहा कि नागपुर जेल में छह कारखाने थे, जो पहले सालाना छह करोड़ से ज्यादा का राजस्व अर्जित कर रहे थे। कोविड–19 महामारी के बाद राजस्व गिरकर इस साल 1.20 करोड़ तक हो गया।

# भाजपा के पोस्टर में वसुंधरा राजे की वापसी

जयपुर, (वेब वार्ता)। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भाजपा के पोस्टरों में वापस आ गई हैं, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव दो खेमों के बीच मतभेद समाप्त करने में सफल रहे हैं। एक खेमे का नेतृत्व प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सतीश पूनिया और दूसरे का नेतृत्व राजे कर रही हैं। यह सवाल राजनीतिक हलकों में पूछा जा रहा है क्योंकि यादव की बहुचर्चित यात्रा से पहले एक नया पोस्टर सामने आया है, जिसमें पूनिया के बाद राजे की तस्वीर देखी जा सकती है। पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली तस्वीर है, उसके बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और भूपेंद्र यादव हैं। इसके बाद पूनिया, फिर राजे, और फिर विपक्ष के नेता गुलाबचंद कटारिया आते हैं, जिनके बाद गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल और कैलाश चौधरी सहित केंद्रीय मंत्री की तस्वीर है। हाल ही में राज्य पार्टी मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टरों और बैनरों से राजे की तस्वीरें हटा दी गई थी, जिससे पूर्व सीएम के फोलोवर्स नाराज हो गए थे। जबकि राजे इन सभी महीनों तक चुप रहीं, उनके फोलोवर्स राज्य पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं और उनके एक वफादार रोहिताश्व शर्मा को भी छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। हालांकि, हाल ही में उन्होंने पहली बार पोस्टर विवाद पर पलटवार करते हुए कहा, मैं पोस्टर की राजनीति में विश्वास नहीं करती, लेकिन लोगों के दिलों पर राज करना और बसना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने राजनीति में कदम रखा तो उनकी मां राजमाताजी ने उनसे कहा कि हाथ की पांचों उंगलियां एक जैसी नहीं होती हैं। इसलिए जब आप गांवों का दौरा करते हैं, तो आपको विभिन्न प्रकार के मतभेदों के बावजूद लोगों को एक–दूसरे के लिए प्यार के साथ एक परिवार में एकजुट करने की आवश्यकता होती है। इस बीच, भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व राजस्थान पर अपनी नजर बनाए हुए है और स्थिति की समीक्षा और निगरानी के लिए टीमें भेज रहा है। पार्टी नेता जैसे सी.टी. रवि और अरुण सिंह पहले ही राज्य का दौरा कर चुके हैं और अब भूपेंद्र यादव 2023 में आगामी चुनावों के लिए मंच तैयार करने के लिए समीकरण को संतुलित करने के लिए यहां हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में 05 गोकश गिरफ्तार, चार थानों सहित स्वॉट टीम ने की संयुक्त कार्यवाह उन्नाव

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव व श्रीमान क्षेत्राशल पर्यवेक्षण में गो–तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चार थानों की पुलिस व स्वॉट टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही में 05 गोकशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। दिनांक 19.08.2021 समय करीब 03.00 बजे रात्रि में प्रभारी निरीक्षक अजगैन को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर जरिये दूरभाष प्रभारी स्वॉट टीम व थाना औरास, थाना हसनगंज तथा थाना सोहरामऊ के प्रभारी निरीक्षक को पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौके पर आने हेतु बताया गया। सम्पूर्ण पुलिस बल की दो टीमें बनाकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान, दरियापुर के थोड़े आगे भौली मोड़ के निकट जंगल का घेराव किया। मुखबिर द्वारा इशारे से माँस काट रहे लोगों की तरफ इंगित किया जिन्हे पुलिस की दोनो पार्टियों द्वार घेरकर आत्मसमर्पण कर देने हेतु चेतावनी दी गई जिसके जवाब में दूसरी तरफ से जान से मारने की नीयत से पुलिस के ऊपर अंधाधुन्ध फायरिंग की गई जिसमें हे0का0 खैरुल बसर व का0 राधेश्याम घायल हो गए। पुलिस द्वारा आत्मसुरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में तीन बदमाश घायल हो गए जिन सहित कुल 05 अभियुक्तों को




गिरफ्तार किया गया तथा कुल 06 बदमाश मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पकड़े गए बदमाशों से असलहा, औजार तथा अन्य सामान बरामद किये गये। कड़ाई से की गई पूछताछ मे अभियुक्तों द्वारा 11 दिन पूर्व औरास क्षेत्र में तथा 16.08.2021 को थाना अजगैन क्षेत्रांतर्गत गोकशी की घटनाओं का कारित किया जाना स्वीकार किया गया।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।